कार्यालय – अधिष्ठाता, शैक्षिक किया कलाप

हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर– 208002

पत्र सं0 : 1960 /शैक्षिक/2021 **दिनांक : 01 /03/2021**

:: सूचना ::

शैक्षिक सत्र 2020–21 में विश्वविद्यालय के बी0टेक0, एम0सी0ए0, एम0टेक0 एवं पी0एच0डी0 (प्रथम वर्ष) पाठ्यक्रमों में नवप्रवेशित छात्रों द्वारा हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर में नामांकन हेतु इनरोलमेन्ट फार्म शैक्षिक अनुभाग में प्रस्तुत किया जाना है। ऑनलाइन इनरोलमेन्ट फार्म विश्वविद्यालय की **Student ERP** पर दिनांक 05.03.2021 से उपलब्ध है। समस्त छात्रों से अपेक्षा है कि ऑनलाइन इनरोलमेन्ट फार्म भर कर सभी प्रविष्टियों को पूर्ण करते हुये इनरोलमेन्ट फार्म का प्रिन्ट प्राप्त कर सभी संलग्नकों के साथ Physical Reporting के समय शैक्षिक अनुभाग में अनिवार्य रूप से पटल पर जमा करना सुनिश्चित करें।

इनरोलमेन्ट फार्म के साथ निम्नवत् अभिलेखों की छाया प्रति/मूलप्रति (यथा अपेक्षित) दिये गये कम में ही इनरोलमेन्ट फार्म के साथ संलग्न करना सुनिश्चित करें।

1. ट्रान्सफर सर्टिफिकेट (टी0सी0)/माइग्रेशन सर्टिफिकेट (अन्य किसी विश्वविद्यालय में प्रवेश ले अध्ययन कर चुके छात्रों के प्रकरण में)–(मूल प्रति)।
2. JEE Mains एवं NIMCET-2020 की काउन्सिलिंग में दिया गया एलॉटमेन्ट लेटर (स्वसत्यापित छायाप्रति)।
   अथवा
   PMSSS / Govt. Nominee के नामित अभ्यर्थियों के प्रकरण में जारी एलॉटमेन्ट लेटर (स्वसत्यापित छायाप्रति)।
3. बी0टेक0 प्रवेश के लिये अर्हकारी शैक्षिक योग्यता (हाईस्कूल/इण्टरमीडिएट) की अंकतालिका एवं प्रमाणपत्र (स्वसत्यापित छायाप्रति)।
4. एम0सी0ए0 प्रवेश के लिये अर्हकारी शैक्षिक योग्यता (हाईस्कूल/इण्टरमीडिएट/बी0एस0सी0/बी0सी0ए0) की अंकतालिका एवं प्रमाणपत्र (स्वसत्यापित छायाप्रति)।
5. एम0टेक0 (पूर्णकालिक) प्रवेश के लिये अर्हकारी शैक्षिक योग्यता (हाईस्कूल/इण्टरमीडिएट/बी0टेक0 एवं अंतिम शिक्षा) की अंकतालिका एवं प्रमाणपत्र (स्वसत्यापित छायाप्रति)।
6. पी0एच0डी0 (पूर्णकालिक एवं अंशकालिक) प्रवेश के लिये अर्हकारी शैक्षिक योग्यता (हाईस्कूल/इण्टरमीडिएट/बी0टेक0 एवं अंतिम शिक्षा) की अंकतालिका एवं प्रमाणपत्र (स्वसत्यापित छायाप्रति)।
7. पी0एच0डी0 (अंशकालिक) प्रवेश के लिये सेवायोजक द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र की मूलप्रति।
8. जाति प्रमाण पत्र (OBC/SC/ST) की स्वसत्यापित छायाप्रति।
9. निवास प्रमाण पत्र (उत्तर प्रदेश के बाहरी छात्रों हेतु) की स्वसत्यापित छायाप्रति।
10. आधार कार्ड की छाया प्रति।
11. ई0डब्ल्यू0एस0 प्रमाणपत्र की छायाप्रति।

यह भी स्पष्ट हो कि जिन छात्रों द्वारा किसी भी कारण से हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर को प्रेषित करने हेतु अपना इनरोलमेन्ट आवेदन शैक्षिक अनुभाग में पूर्ण कर प्रस्तुत नहीं किया जाता है, ऐसे समस्त छात्रों का विश्वविद्यालय हेतु किया गया उनका आवंटन एवं तद्क्रम में प्राप्त विश्वविद्यालय में प्रवेश स्वतः निरस्त हो जायेगा।

(सुनील कुमार)
अधिष्ठाता, शैक्षिक किया कलाप

प्रतिलिपि : निम्नोक्त को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. कुलसचिव, एच0बी0टी0यू0 कानपुर।
2. सिस्टर मैनेजर, एच0बी0टी0यू0 कानपुर को इस आशय के साथ प्रेषित है कि इसे विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर छात्र–छात्राओं के सूचनार्थ अपलोड करवाना सुनिश्चित करे।
3. स्टाफ आफीसर, कुलपति कार्यालय को मा0 कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ प्रेषित।
4. सूचना पट्ट, शैक्षिक अनुभाग, एच0बी0टी0यू0 कानपुर।

(सुनील कुमार)
अधिष्ठाता, शैक्षिक किया कलाप